प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा का आठवां सत्र आज भारत की मेजबानी में नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। 30 अक्तूबर तक चलने वाले इस सत्र में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के 124 सदस्य देश भाग लेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी रीना वर्मा---------

*डिस्पैच------ वैश्विक समुदाय के बेहतर और संधारणीय भविष्य के लिये सौर ऊर्जा अपनाने के प्रयासों में सहयोग बढ़ाने पर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा के आठवें सत्र में विचार-विमर्श होगा। सदस्य देश गठबंधन के प्रयासों में प्रगति और सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विचार करेंगे और सबके लिए सुलभ ऊर्जा का लक्ष्य हासिल करने में समन्वय बढ़ायेंगे। सदस्य देश सौर ऊर्जाकी क्षमता का भरपूर उपयोग करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। भारत निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से अपनी कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हासिल कर चुका है। नवीकरणीय ऊर्जा में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 20 लाख से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से लाभान्वित हो रहे हैं। एक सौ 24 देशों का अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन विभिन्न देशों की सरकारों के साथ ऊर्जा और सुरक्षा स्थिति में सुधार तथा कार्बन मुक्त भविष्य के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का कार्य करता है।*

सीएम बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज अपनी बजट घोषणाओं पर प्रशासनिक सचिवों व विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगें। बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री आज राज्य सचिवालय में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यू.एन.डी.पी. के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित जलवायु परिवर्तन पर आधारित हिमाचल मानव विकास रिपोर्ट कार्यक्रम की भी अध्यक्षता करेंगे।

प्रधानमंत्री-एकता दौड़

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पूरे देश में एकता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से इसमें भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल व उनके अखंड भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने का आग्रह किया है।

ऑनलाइन परीक्षा रद्द

कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल और एएसआई पद पर पदोन्नति के लिए ली जाने वाली पुलिस विभाग की बी-वन परीक्षा बीते कल सर्वर फेल होने के कारण रद्द हो गयी। करीब आठ साल बाद आयोजित हो रही इस पदोन्नति परीक्षा में प्रदेश भर के 4 हजार 4 सौ 61 जवान परीक्षा देने पहुंचे थे। अब यह परीक्षा दोबारा होगी जिसके लिए विभाग जल्द नई तारीख तय करेगा।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस परीक्षा को लेकर सरकार पर अव्यवस्था का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस तरह की कार्यप्रणाली से स्पष्ट होता है कि वर्तमान सरकार का इरादा प्रदेश के लोगों को नौकरियों व पदोन्नत्ति से वंचित रखना है।

बधाई

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दक्षिणी एशियाई एथैलेटिक्स प्रतियोगिता में भारतीय टीम के लिए 4 सौ मीटर रिले रेस में स्वर्ण पदक जीतने पर हमीरपुर ज़िले के उटपुर निवासी मनीशा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मनीशा इस रिले दौड़ के चार सदस्य भारतीय दल में शामिल थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनीषा की ये उपलब्धि बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है।

लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर बुशैहर में 11 से 14 नवम्बर के बीच मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले के कार्यक्रम आज से खेल प्रतियोगिताओं के साथ शुरू हो रहे हैं। 9 नवम्बर तक चलने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें खेलों के माध्यम से स्वस्थ बनाना है। गौरतलब है कि 17वीं शताब्दी से आयोजित हो रहे लवी मेले को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार के रूप में जाना जाता है जिसमें मुख्यतः ऊनी वस्त्रों, स्थानीय मेवें और पशुधन का प्रमुख रूप से व्यापार होता है। मेले में अश्व प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहती है।

जीएसटीसुधार–कृषि

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरें आम आदमी के लिए कैसे मददगार साबित हो रही हैं।

————————————